मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 333, मुंबई, सोमवार, 17 मार्च, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल ®

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त
अब हर सच होगा उजागर




DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI



# विधान परिषद जाएंगे मुख्यमंत्री फडणवीस के सिपहसालार

## विधान परिषद की 5 सीटों पर 27 मार्च को चुनाव



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधान परिषद की 5 सीटों के लिए 27 मार्च को चुनाव होने हैं। इसके लिए बीजेपी ने अपने तीन उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। बीजेपी ने संदीप जोशी, संजय केणेकर, दादाराव केचे को उम्मीदवार बनाया है। उम्मीदवारों के चयन में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का प्रभाव साफतौर पर देखने को मिला है। ये सभी उम्मीदवार सोमवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। बीजेपी के प्रवीण दटके, रमेश कराड व गोपीचंद पडलकर, शिवसेना के आमशा पाडवी व एनसीपी के राजेश विटेकर को विधानसभा चुनाव में मिली जीत के कारण रिक्त हुई विधान परिषद की 5 सीटों पर 27 मार्च को चुनाव होने हैं। (शेष पृष्ठ 3 पर)

### केचे को क्यों मिली उम्मीदवारी?

दादाराव केचे आर्वी निर्वाचन क्षेत्र से दो बार विधायक रहे हैं। दादाराव भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। 2024 विधानसभा चुनाव में दादाराव केचे का टिकट काटकर फडणवीस के निजी सचिव सुमित वानखेड़े को आर्वी से मौका दिया गया। उस समय नाराज केचे ने बगावत का झंडा बुलंद करते हुए अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया था। लेकिन बाद में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मिले पुनर्वास के आश्वासन के बाद केचे ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली थी।

# चंद्रपुर से हो रही थी शराब की तस्करी



## पुलिस ने लाखों का माल किया जब्त

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** चंद्रपुर जिले के मूल मार्ग से गड़चिरोली के चामोर्शी में अवैध रूप से शराब की तस्करी होने की गुप्त जानकारी के आधार पर पुलिस ने जाल बिछाकर अवैध शराब समेत कुल 4 लाख 37 हजार रूपयों का माल जब्त किया है। यह कार्रवाई 15 मार्च को रात 8 से 9 बजे के दौरान चामोर्शी तहसील के चाकलपेठ टर्निंग के पास की गई। इस मामले में शराब तस्कर फरार होने में सफल रहा। गड़चिरोली जिले में अवैध शराब बिक्री पर पाबंदी लगाई गई है, इसके बावजूद बडे पैमाने पर शराब की तस्करी व बिक्री होती है। जिससे पुलिस अधीक्षक ने अवैध व्यवसाय पर नकेल कसने के निर्देश दिए है। चामोर्शी पुलिस ने अवैध शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की मुहिम शुरू की है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

### आरोपी की खोज जारी

चामोर्शी पुलिस ने अवैध शराब व वाहन जब्त कर आरोपी जयनगर निवासी देव्रत ढाली के खिलाफ चामोर्शी पुलिस थाने में मामला दर्ज कर उसकी खोजबीन शुरू की है। यह कार्रवाई चामोर्शी के थानेदार अमूल कादबाने के मार्गदर्शन में पुलिस नायक अतुल मडावी, पुलिस हवलदार पाल, पुलिस सिपाही वनावे, सुदर्शन आदि ने की। इस कार्रवाई के चलते अवैध शराब विक्रेता व तस्करों में खलबली मची है।

# हिंदुस्तान के बनेंगे दो राष्ट्र!



## दिल्ली में इफ्तारी का जश्न तो महाराष्ट्र में विरोध क्यों?

**मुंबई हलचल/संवाददाता**


**मुंबई।** मुंबई में मीडिया को जानकारी देते हुए शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने कहा, देश में मौजूदा माहौल ठीक नहीं है। दिल्ली में सीएम रेखा गुप्ता ने इफ्तार पार्टी का आयोजन किया है, लेकिन महाराष्ट्र में बीजेपी के मंत्री इफ्तार पार्टी पर आपत्ति जता रहे हैं। महाराष्ट्र में बीजेपी के मंत्री मुसलमानों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी भी कर रहे हैं। इसलिए पीएम मोदी को इसमें अपनी भूमिका स्पष्ट करनी चाहिए। संजय राउत ने बीजेपी पर हमला करते हुए कहा कि एक तरफ दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता इफ्तार पार्टी आयोजित कर रही है और इफ्तार पार्टी में शरीक हो रही है। वहीं दूसरी ओर महाराष्ट्र में बीजेपी के मंत्री इफ्तार का विरोध कर रहे हैं ये कौन-सी राजनीति है, कौन सा ढोंग है? (शेष पृष्ठ 3 पर)

# मुंबईकरों को मिलेगी बड़ी राहत

## दिसंबर में होगा शुरू पनवेल-कर्जत लोकल कॉरिडोर

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई-एमएमआर के उपनगरीय रेल परिवहन को विस्तार देने वाले बहुद्देश्यीय पनवेल-कर्जत लोकल रेल कॉरिडोर का काम फास्ट ट्रैक पर है। एमआरवीसी के इस प्रोजेक्ट के लिए शनिवार का दिन मील का पत्थर साबित हुआ जब इस सबर्बन रेल कॉरिडोर पर बिछाने के लिए विशेष रूप से तैयार रेल पैनल्स का पहला ईयूआर (इंड अनलोडिंग रेक) परियोजना स्थल पर दाखिल हुआ। विशेष रूप से सेल (स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया) द्वारा तैयार किए गए प्रत्येक रेल पैनल की लंबाई 260 मीटर और हर मीटर का वजन 60 किलो है। इस हैवी ड्यूटी रेल पैनल को कॉरिडोर पर महोपे और चिखले स्टेशन के बीच 7.8 किमी में बिछाया जाएगा। (शेष पृष्ठ 3 पर)



### 5 स्टेशन एडवांस स्टेज पर

पनवेल-कर्जत सवर्बन कॉरिडोर के बीच पनवेल,चिखले,मोहोपे,चौक और कर्जत ये 5 उपनगरीय स्टेशन का काम भी एडवांस स्टेज पर है। कॉरिडोर पर 47 ब्रिज में से 29 माइनर और 6 मेजर ब्रिज का भी निर्माण पूरा हो चुका है। मोहापे और किरावली के बीच 4 आरओबी पूरे हो चुके हैं। इस परियोजना मार्ग पर पुणे एक्सप्रेस वे पर अंडरपास का काम तेजी से किया जा रहा है।गर्डर लॉन्चिंग हो चुकी है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### आलोचना का स्वागत

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी अमेरिकी पॉडकास्टर लैक्स फ्रिडमैन के साथ तीन घंटे के लंबे इंटरव्यू में देश और दुनिया के तमाम मसलों पर खुल कर बोले। उन्होंने गोधरा कांड और गुजरात दंगों पर बात की तो पाकिस्तान व चीन के साथ भारत के संबंधों पर भी बोले। रूस और यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने की पहल में अपनी भूमिका के बारे में बात की तो संयुक्त राष्ट्र संघ जैसे वैश्विक संगठनों की विफलता पर भी बोले। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि वे अपनी हर तरह की आलोचना का स्वागत करते हैं क्योंकि वे मानते हैं कि यह लोकतंत्र की ताकत है। गोधरा कांड और गुजरात दंगों को लेकर मोदी ने कहा, 24 फरवरी 2002 को मैं पहली बार निर्वाचित प्रतिनिधि बना और 27 फरवरी, 2002 को गोधरा कांड हुआ, जिसने प्रदेश में हिंसा भड़का दी। उन्होंने कहा कि गुजरात में 2002 से पहले भी ढाई सौ से अधिक दंगे हो चुके थे। 1969 का दंगा छह महीने तक चला था। मोदी ने कहा, 2002 के दंगे दुखद थे, लेकिन उसके बाद राज्य में स्थायी शांति बनी। सरकार के खिलाफ कई आरोप लगाए गए, लेकिन न्यायपालिका ने दो बार जांच के बाद उन्हें निर्दोष करार दिया। पाकिस्तान को लेकर मोदी ने कहा, 2014 में मैं जब पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाला था तो पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को विशेष रूप से आमंत्रित किया था। उम्मीद थी कि दोनों देश एक नया अध्याय शुरू करेंगे। हालांकि शांति का हर नेक प्रयास का सामना दुश्मनी और विश्वासघात से हुआ। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के लोग शांति चाहते हैं। वे भी संघर्ष, अशांति और निरंतर आतंक में रहने से थक गए होंगे। मोदी ने कहा, ह्यहम पूरी ईमानदारी से आशा करते हैं कि पाकिस्तान को एक दिन सद्बुद्धि आएगी और वह शांति का रास्ता अपनाएगा। अपनी आलोचना से जुड़े एक सवाल पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं किसी भी तरह की आलोचना का स्वागत करता हूं। मेरा दृढ़ विश्वास है कि यह लोकतंत्र की आत्मा है। प्रधानमंत्री मोदी का लेक्स फ्रिडमैन के साथ तीन घंटे का इंटरव्यू रविवार को प्रसारित हुआ। इसमें उन्होंने कहा, मेरी ताकत मेरे नाम में नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों और देश की कालातीत संस्कृति और विरासत के समर्थन में निहित है। जब मैं विश्व के नेताओं से हाथ मिलाता हूं, तो ऐसा मोदी नहीं बल्कि 1.4 अरब भारतीय करते हैं। प्रधानमंत्री ने वैश्विक नियमों को लागू करने में संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों की विफलता की आलोचना करते हुए कहा, ह्यस्थिरता बनाए रखने के लिए बनाई गई संस्थाएं प्रासंगिकता खो रही हैं। जो लोग कानूनों की अनदेखी करते हैं, उन्हें कोई परिणाम नहीं भुगतना पड़ता। चीन के साथ संबंधों पर उन्होंने कहा, हमारे संबंध भविष्य में भी इसी तरह मजबूत बने रहेंगे। राष्ट्रपति शी के साथ मेरी बैठक के बाद हमने सीमा पर सामान्य स्थिति की वापसी देखी है। हम 2020 से पहले के स्तर पर स्थितियों को बहाल करने के लिए काम कर रहे हैं। रूस और यूक्रेन युद्ध को लेकर मोदी ने कहा, हम संघर्ष के पक्ष में नहीं है। हम शांति चाहते हैं।

## रमजान पर विशेष

# मां की गोद पहला मदरसा, मेरी अम्मी हज्जन जुबेदा बी रहमतुल्लाहि अलैहा एक इस्लामी रूहानी और अखलाकी शख्सियत

**आज** मैं जो कुछ भी हूं जितना भी मुझे दीने इस्लाम का इल्म और तजुर्बा मालूमात यह जो कुछ भी है वह सब मेरी दीनदार इस्लामी तालीमत पर अमल करने वाली अल्लाह और उसके रसूल हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम कि फरमाबरदार व नमाज रोजा जिक्रों अज्कार मसनून दुआओं कि पाबंदी करने वाली और मुझसे बेइंतहा वफा चाहत मोहब्बत और खिदमत करने वाली मेरी मोहसिन मेहरबान अम्मी हज्जन जुबेदा बी रहमतुल्लाहि अलैहा की परवरिश का सिला है उनके जिक्र के बगैर मेरा हर काम अधूरा है जब मैं छोटा सा तकरीबन 8 साल का था उस वक्त से मेरी अम्मी मुझे अरबी उर्दू कि किताबें पढ़कर पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के और हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम के वाक्यात सुनाया करती थी। सबसे पहले मेरी मां ने पैगंबरे इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का जानवरों के प्रति शफकत (दया) मोहब्बत के वाक्या सुनाया करती जिसमें सबसे पहले एक हिरनी का बयान सुनाई थी और पैगंबर हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम के मुताल्लिक उनकी तौहीद की दावत दीन की सरबुलंदी के लिए उनकी जी तोड़ मेहनत लगन और खाने काबा के दोबारा तामीर किए जाने की दास्तान शामिल है तभी से मुझे बचपन से ही अल्लाह और उसके रसूल हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम और इस्लाम के प्रति मोहब्बत और लगाव पैदा हो गया जो अभी तक बरकरार है। जिसे आप लोग हमेशा मेरे आर्टिकल के रूप में देखते और पढ़ते रहते हैं और उसका मेयार देखकर आप खुद अंदाजा लगा सकते हैं कि उन्होंने मेरी कैसी परवरिश की है 8 साल की उम्र में मैंने अपना सबसे पहला रोजा रखा था और मेरी मां अल्लाह व रसूल की दीन की खिदमत व दावत के लिए हमेशा खुले हाथ से मदद करती रहती थी। आर्टिकल का टाइपिंग कराना हो फोटो कॉपी कराना हो कोरियर करना हो इन सभी के लिए हमेशा मदद करती रहती और ऐसा कभी हुआ ही नहीं कि उन्होंने कभी ना कहा हो। निहायत दुख और गम के साथ आप सभी को बताना पड़ रहा है कि विगत 22 नवंबर 2023 को वह इस दुनिया से मुझे अकेला छोड़कर अल्लाह के भरोसे अलविदा कह गई। रमजान की इस मुबारक मौके रहमत मगफिरत, जहन्नम से आजादी के इस अजीम मौके पर अल्लाह तबारक तआला से आईये हम सब मिलकर दुआ फरमाए की अल्लाह अपने फजलों करम से और अपने हबीब हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के वसीले से मेरी अम्मी हज्जन जुबेदा बी रहमतुल्लाहि अलैहा और अब्बू जनाब बाबू खान कादरी साहब इन दोनो कि बख्शीश फरमाए और इन दोनों के दरजत को बुलंद फरमाए और इनकी कब्रों को नूर की अंजुमन बनाकर जन्नत के बाग में तब्दील फरमाए और इनकी कब्र की जानिब जन्नत की खिड़की खोल दे और जन्नत की जानिब इनकी कब्र की खिड़की खोल दे और आलमे बरजख के इल्लीन में इन्हें आला मुकाम और बुलंद मर्तबा अता फरमाए और अपनी रहमत और अपना नूर अता फरमाए और बदले के दिन इन्हें जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम अता फरमाए और मेरे अब्बू जनाब बाबू खान कादिरी साहब इन दोनों को कब्र के अजाब से जहन्नम की आग से पुलसिरात की सख्तियों से इनकी हिफाजत फरमाए और मेरे तमाम नेक आमाल का बदला मेरी मोहसिन महेरबान अम्मी हज्जन जुबेदा बी रहमतुल्लाहि अलैहा को अता फरमाए मेरी तमाम कोशिशें को अपने बारगाह में कबूल फरमाए और मेरे लिए बरोजे महशर जरिया निजात बनाए और मेरी नेक तमन्नाए पूरी फरमाए और सभी पढ़ने वाले भाइयों बहनों को हिदायत अता फरमाए आमीन या रब्बुल आलमीन।

**साजिद खान धनपुरी (संपादन प्रभाग)**

# उलमए सू और उसकी पहचान इससे बचाए अपना ईमान



**हजरत अली रजि.** फरमाते हैं कि अल्लाह के रसूल पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैह वसल्लम ने फरमाया कि बहुत जल्द लोगों पर ऐसा जमाना आएगा कि इस्लाम का सिर्फ नाम बाकी रहेगा और कुरान की सिर्फ रस्म बाकी रह जाएगी इनकी मस्जिदे ( नक्श व निगार टाइल्स बिजली के पंखों कालीन वगैराह से) आबाद होगी और हिदायत (सन्मार्ग) के एतबार से वीरान होगी, इन के उलमा आसमान के नीचे रहने वालों में सबसे ज्यादा बुरे होंगे इन उलमा से फित्ने पैदा होंगे और फिर उनमें वापस आ जाएगे (हदीस बहकी) पैगंबर इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया जिसे अल्लाह ने अपने दीन का इल्म अता फरमाया पर उसने अल्लाह के बंदों को इस्लाम का इल्म सिखाने में कंजूसी से काम लिया और सिखया भी तो उसके बदले में धन दौलत प्राप्त किया और अपनी दुनिया बनाई तो ऐसे शख्स को कयामत के दिन आग की लगाम पहनाई जाएगी तथा एक ऐलान करने वाला फरिश्ता ऐलान करेगा कि यह वह शख्स है जिसको अल्लाह ने अपने दीन का इल्म अता किया था परंतु उसने दूसरों को इस्लाम का इल्म देने में दीन से परिचित कराने में तंग दिली से काम लिया और जिन्हें इस्लाम का इल्म दिया भी तो उसके बदले पर धन दौलत वसूल किया तथा अपनी दुनिया बनाई यह फरिश्ता मैदाने हश्र में यह ऐलान लेखा जोखा समाप्त होने तक लगातार करता रहेगा। (इब्ने अब्बास तरगीब व तरहीब) हजरत इमरान बिन हुसैन रजि. कहते हैं कि वे एक ऐसे शख्स के पास से गुजरे जो कुरआन पढ़ कर सुना रहा था अर्थात कुरआन पढ़ कर उपदेश दे रहा था। जब वह उसे निवृत हुआ तो उसने लोगों से धन मांगा (चंदे की अपील की) यह मंजर देखकर हजरत इमरान बिन हुसैन से रहा गया उन्होंने इन्ना लिल्लाह पढ़ा। बोले मैंने अल्लाह के रसूल पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैह वसल्लम को यह कहते सुना है कि- जो शख्स कुरआन पढ़े उसे अल्लाह ही से मांगना चाहिए क्योंकि मेरी उम्मत (मुस्लिम समुदाय) में कुछ ऐसे लोग पैदा होंगे जो कुरआन को इस उद्देश्य से पढ़ेंगे कि लोगों से धन उगाहें।(हदीस)। पैगंबर इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैह वसल्लम ने फरमाया कि-ईमान और लालच किसी एक व्यक्ति में एक साथ कभी जमा नहीं हो सकते (हदीस नसई) जहन्नम में डाले जाने वालों में सबसे पहले यही उलमाए सू होंगे। (हदीस मुस्लिम)। हजरत अब्दुल्ला बिन मसऊद रजि. की रिवायत है कि पैगंबरे इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया सच्चाई को अपने लिए लाजिम (अनिवार्य) कर लो बेशक सच्चाई नेकी की तरफ रहनुमाई करती है और जन्नत कि तरफ ले जाती है एक आदमी हमेशा सच बोलता है और सच ही की तलाश में रहता है यहां तक की अल्लाह की यहां सादिक सच्चा बोलने वाला लिख दिया जाता है और झूठ से बचों बेशक झूठ (बदी बुराई) की राह दिखता है और बदी जहन्नम की आग की तरफ ले जाती है एक आदमी हमेशा झूठ बोलता है और झूठी ही कि तलाश में रहता है यह तक की अल्लाह के नजदीक वह कज्जाब (बहुत बड़ा झूठा) बोलने वाला लिख दिया जाता है। (हदीस तिमीर्जी) कुरआन मजीद में अल्लाह तआला का फरमान है कि - (गुमराह उलेमा और अवाम) एक दूसरे की तरफ मुतवज्जह होकर सवाल जवाब करेंगे (अवाम) कहेंगे कि तुम हमारे पास आकर कसम खाते थे कि हम तुम्हारी हक की तरफ सच्चाई की तरफ रहनुमाई कर रहे हैं गुमराह उलमा कहेगे तुम तो खुद ही ईमान लाने वाले नहीं थे हमारा तुम पर कोई जोर नहीं था। तुम लोग खुद ही उद्दंडी थे। आखिरकार हम सब अपने रब के उस फरमान के हकदार हो गए कि हम अजाब का मजा चखने वाले है चूंकि हम खुद गुमराह थे अतः तुम्हें भी गुमराह किया अर्थात उस दिन वे सब (गुमराह करने वाले और गुमराह होने वाले) अजाब में एक दूसरे के साथी होगी।(सूरह साफ्फात 27-33)।इस्लामी तालीमत कुरआन और हदीस के अनुसार दो तरह की उलमा बताए गए हैं 1.उलमाए हक और 2.उलमाए सू उलमाए हक का मतलब मुत्तकी परेहजगार और सच्चे उलमा और उलमाए सू का मतलब झूठे दुनियादार और धन दौलत के लालची होते है। इस तरह के जितने भी उलेमा है जो झूठे लालची और किसी भी तरह की हराम का अगर खाना पानी करते हैं तो हराम का एक निवाला खाने से 40 दिन तक इबादत कबूल नहीं होती ऐसे उलमाए सू कि तरफदारी करने से और उनके पीछे नमाज अदा करने से बचे और अपनी नमाज ईमान की हिफाजत करें अल्लाह से दुआ है कि वह हमें सही दीन समझने की तौफीक अता फरमाए आमीन पर उसके लिए हमें कुरआन और हदीस को अनुवाद और उसके व्याख्या के साथ पढ़ना पड़ेगा तभी हमें सही दीन समझ में आएग।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक–**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई–68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी–2–301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।
www.mumbaihalchal.com mumbaihalchal@gmail.com https://www.facebook.com/mumbaihalchal.halchal https://twitter.com/MumbaiHalchal

# महिला दिवस पर विंग्स ऑफ विमेन की पेशकश 'मेरे रंग अनेक' का भव्य आयोजन

## ख्यातिलब्ध महिलाओं का हुआ सम्मान साड़ी वॉकेथोन, फूलों की होली सुपर हिट

**मुंबई।** मुंबई की एक उभरती ग्लोबल कम्यूनिटी विंग्स ऑफ विमेन के तत्वाधान में विगत रविवार 9 मार्च को ठाकुर श्याम नारायण स्कूल में महिला दिवस पर मेरे रंग अनेक - सीजन 2 का भव्य आयोजन रखा गया। यह उन ख्यातिलब्ध महिलाओं पर केंद्रित था जिन्होंने राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान स्थापित किया है। विविध पृष्ठभूमि की करीब 8000+ महिलाओं को नेटवर्किंग से जोड़ने वाली कम्यूनिटी की सूत्रधार बिंदु प्रदीप ने बताया कि 'मेरे रंग अनेक' एक मनोरंजन भरा आयोजन है जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ साड़ी वॉकेथान, ढोल के साथ सभी आगन्तुकों का गर्म जोशी से स्वागत के साथ हुआ। उसके पश्चात सम्मान के लिए आमंत्रित विभूतियों गौरीजी सावंत - ट्रांसजेंडर समुदाय की मेंटॉर, शोभा पिल्लई, मीडिया इंडस्ट्री से, राइफल शूटिंग चैंपियन नेहा साप्टे, प्रविर्ति चंद - मिसेज उत्तराखंड 2019, मिसेज इंडिया ईस्ट 2020, डॉ. सोनाली होनराव, एक समर्पित डॉक्टर और अल्ट्रामैराथन धावक तथा उड़ान में कीर्तिमान स्थापित कैप्टन रूपाली फाटक सभी का विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम में लेखिका समाजसेवी प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स की राष्ट्रीय संगठन महासचिव शशि दीप ने बतौर स्पेशल गेस्ट शिरकत किया उनका भी विशेष सम्मान किया गया। दूसरे चरण में फूलों की होली पर रंग बिरंगे साड़ी में सजी महिलाओं के हुजूम ने जब थिरकना शुरू किया तब आनंद अपने चरम पर था। कार्यक्रम के दरम्यान कई ऑन द स्पॉट गेम्स भी रखे गए। साड़ी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार, प्रायोजकों का सम्मान पूरा कार्यक्रम इतना मस्ती और आनंद से भरा हुआ था, डीजे, गुडी बैग्स, स्वादिष्ट नाश्ता और होली का उत्सव के साथ यह एक परफेक्ट सेलिब्रेशन रहा। मेरे रंग अनेक इवेंट लीड्सः निधि मेहता, प्रणति सेठ सावंत तथा सोनल ए दोशी ने खूब वाहवाही बटोरी। वाल्व की सीईओःसाक्षी यादव तथा बाकी टीम के सदस्यों कृति मूले, चित्रा शेनॉय, मनाली कामथ, नीलम गौर, रीना बैंग, चित्रा टी आर, कवन कुमार, निशा कनोडिया, सुनीता मूंदड़ा, दीपा केडिया, प्रियंका अग्रवाल, सोनल शाह तथा वन्दना मिर्जी की भूरि-भूरि प्रशंसा हुई।




# फुटबॉल+ समिट 2025 का आयोजन

मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** माराकाना के रोमांच, पीली जर्सियों की चमक और ब्राजील के फुटबॉल की बेमिसाल शान के बारे में सोचिये। अब कल्पना कीजिये कि वही ऊर्जा और विरासत चेन्नई में आ रही है। फुटबॉल+ समिट 2025 चेन्नई शहर को फुटबॉल का ग्लोबल हब बनाने के लिये तैयार है। इसमें न सिर्फ इंडस्ट्री के लीडर, बल्कि वे नायक भी होंगे, जिन्होंने फुटबॉल की एक पीढ़ी को परिभाषित किया है। बुकमायशो पर अर्ली-बर्ड टिकट्स की घोषणा ने रोमांच की एक लहर पैदा कर दी है। यह कोई आम कॉन्फ्रेंस नहीं है, बल्कि इसमें इतिहास को दोहराया जाएगा और फुटबॉलिंग की कला के शिल्पकारों से सीखने का मौका मिलेगा। लक्जरियस आईटीसी ग्रैण्ड चोला 31 मार्च से 1 अप्रैल, 2025 तक एक अभूतपूर्व जमावड़े की मेजबानी करेगा, जहाँ फुटबॉल का भविष्य और गौरवशाली अतीत आमने-सामने होंगे। फुटबॉल प्लस एकेडमी और फुटबॉल+ समिट के फाउंडर डेविड आनंद ने कहा, इन लेजेंड्स को चेन्नई लेकर आना एक सपने के सच होने जैसा है। हम ऐसा प्लेटफॉर्म बना रहे हैं, जहाँ फुटबॉल के भारतीय शौकीन दुनिया के सर्वश्रेष्ठ से मिल सकें। उनके अनुभवों से सीखें और लंबे समय तक टिकने वाले रिश्ते बनाएं। इस समिट में केवल चर्चाएं नहीं होंगी, बल्कि फुटबॉल और उसके विकास के लिये जुनून जागेगा।




# शिक्षक नेता किशोर कांबळे के दुखद निधन से जिले के शिक्षक दुःखी

**सांगली।** तहसील वाळवा के इस्लामपुर के निवासी शिक्षक समिति के जिला नेता किशोर भिवाजी कांबळे का दुखद निधन हो गया है। पूरे जिले के शिक्षकों में दुख की लहर फैल गई है। उत्कृष्ट संगठनात्मक कौशल और सभी के प्रति स्नेह रखने वाले किशोर कांबळे के आकस्मिक निधन से जिले के शिक्षक समुदाय में शोक की लहर फैल गई है। वे जिले के सभी शिक्षकों के बीच किशोरदा के नाम से प्रसिद्ध थे। वे शिक्षक समिति के मुख्य जिला पदाधिकारी थे तथा शिक्षक बैंक के प्रशासन की उन्हें गहरी समझ थी। उनके दुखद निधन की खबर सुनते ही शिक्षक भाई-बहन और जिले के गणमान्य लोग उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे। उनके परिवार में उन के पश्चात मां, पत्नी, दो बच्चे, तीन भाई, एक साला और एक भतीजा हैं। रक्षा विसर्जन और अन्य धार्मिक कार्यक्रम सोमवार 17 मार्च को सुबह 9.30 बजे भीमताडा.बंगला, चांदताड़ा क्षेत्र, रक्त पेढ़ी, इस्लामपुर के पास आयोजित किए जाएंगे।



# होली और जुमे की नमाज के दौरान अमन और भाईचारे की मिसाल कायम

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने अपनी कर्तव्यनिष्ठा से यह साबित कर दिया कि वे अमन और शांति को बनाए रखने के लिए पूरी तरह सक्षम हैं। महाराष्ट्र की जनता, सरकार और पुलिस के सामूहिक प्रयासों से होली और जुमे की नमाज के दौरान सौहार्द का शानदार उदाहरण पेश किया गया। विशेष रूप से निर्मलनगर पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, अधिकारीगण और पूरी टीम ने जिस सूझबूझ और कुशलता से स्थिति को संभाला, वह काबिले तारीफ है। उनकी मुस्तैदी और कड़ी निगरानी के कारण किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई, जिससे शहर में शांति और भाईचारे का माहौल बरकरार रहा। सांताक्रूज से पत्रकार जफर सिद्दीकी ने कहा कि मुंबई पुलिस ने यह दिखा दिया कि अगर वे चाहें तो किसी भी तरह की नफरत और उकसावे की राजनीति को नाकाम कर सकते हैं। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए मुंबई पुलिस और निर्मलनगर पुलिस स्टेशन की पूरी टीम को दिल से आभार।



## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### विधान परिषद जाएंगे फडणवीस के सिपहसाला

मौजूदा विधायकों की संख्या बल के आधार पर चुनाव में बीजेपी से 3, उपमुख्यमंत्री शिंदे की शिवसेना से 1 तथा अजित पवार की एनसीपी से 1 सदस्य विधान परिषद में जा सकता है। उम्मीदवार सोमवार तक अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। इसके अनुसार बीजेपी ने रविवार को अपने तीन उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए। बीजेपी में जोशी, केणेकर एवं केचे को उम्मीदवारी दी गई है। इन तीनों उम्मीदवारों का सीएम फडणवीस से सीधा संबंध है। संदीप जोशी, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बचपन के मित्र हैं। उन्होंने नागपुर महानगर पालिका में चार बार पार्षद के रूप में कार्य किया है। लह सत्तारूढ़ पार्टी के नेता, स्थायी समिति के अध्यक्ष और महापौर के पदों पर कार्य कर चुके हैं। इसके अलावा जोशी ने संगठन में भी विभिन्न जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं। सिद्धिविनायक ट्रस्ट के माध्यम से विभिन्न सामाजिक कार्यों में वह सक्रिय रहे हैं। छत्रपति संभाजीनगर जिले से आने वाले संजय केनेकर को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का विश्वासपात्र माना जाता है। वह बीजेपी के राज्य महासचिव हैं। वह लगभग 35 वर्षों से बीजेपी में सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

### चंद्रपुर से हो रही थी शराब की तस्करी

जिसके तहत चामोर्शी तहसील के जयनगर निवासी देव्रत ढाली नामक आरोपी द्वारा चंद्रपुर जिले से चौपहिया वाहन द्वारा मूल मार्ग से बडे पैमाने पर शराब की तस्करी करने की गुप्त जानकारी चामोर्शी पुलिस को मिली। इस जानकारी के आधार पर थानेदार अमूल कादबाने के मार्गदर्शन में चामोर्शी पुलिस की टीम ने चामोर्शी-मूल मार्ग के चाकलपेठ टर्निंग के पास जाल बिछाया था। इस दौरान संबंधित आरोपी यह भेंडाला गांव से चामोर्शी शहर के दिशा में एमएच 40 सीए 1772 क्रमांक का बोलेरो वाहन लेकर आते हुए दिखाई दिया। संदिग्ध वाहन दिखाई देते ही पुलिस ने उक्त वाहन को रोकने का इशारा करने पर संबंधित वाहन चालक ने घटनास्थल से करीब 100 मीटर दूरी पर वाहन खड़ा कर वाहन छोड़ भाग गया। पुलिस के दस्ते ने उक्त वाहन की जांच करने पर बड़े पैमाने पर शराब बरामद हुई। चामोर्शी पुलिस के दस्ते ने चाकलपेठ के टर्निंग पर जाल बिछाकर अवैध रूप से शराब से भरा बोलेरो वाहन जब्त किया। इस दौरान पुलिस ने उक्त वाहन की जांच करने पर वाहन के बीच के सीट पर विदेशी शराब के 4 बॉक्स बरामद हुए। वहीं वाहन के पीछे के सीट पर देशी शराब के बोतल से भरे 10 बॉक्स बरामद हुए। पुलिस ने 57 हजार रूपयों की विदेशी शराब व 80 हजार की देशी शराब ऐसा करीब 1 लाख 30 हजार रूपयों की शराब जब्त की। इसके साथ एमएच 40 सीए 1772 क्रमांक वाहन भी जब्त किया है। इस वाहन की कीमत 3 लाख रुपए है। शराब व वाहन समेत कुल 4 लाख 37 हजार रूपयों का माल पुलिस ने जब्त किया है।

### मुंबईकरों को मिलेगी बड़ी राहत

इस विशेष ट्रैक लिंकिंग का काम पूरा होने पर जल्द ही कर्जत और चौक स्टेशनों के बीच भी रेल ट्रैक पैनल बिछाने का काम शुरू हो जाएगा। मुंबई रेल विकास कॉर्पोरेशन के सीपीआरओ सुनील उदासी के अनुसार मुंबई शहरी परिवहन परियोजना 3 के तहत चल रहे इस डबल ट्रैक लोकल रेल कॉरिडोर प्रोजेक्ट का 70 प्रतिशत से ज्यादा काम हो चुका है। मुंबई लोकल कॉरिडोर की सबसे लंबी सुरंग सहित इंजीनियरिंग मार्बल वाली इस परियोजना से एमएमआर की कनेक्टिविटी में तेजी से सुधार होने वाला है। एमआरवीसी के मुख्य प्रवक्ता सुनील उदासी के अनुसार पनवेल-कर्जत उपनगरीय कॉरिडोर शुरू हो जाने पर लोकल नेटवर्क के साथ क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति मिलने वाली है। 56.82 हेक्टेयर निजी जमीन के साथ फॉरेस्ट लैंड का अधिग्रहण कर मंजूरी प्राप्त कर ली गई है। 2 मिलियन क्यूबिक मीटर से ज्यादा का अर्थवर्क पूरा हो चुका है। इस कॉरिडोर पर 2,625 मीटर की सबसे लंबी सुरंग आकार ले चुकी है। एमआरवीसी ने मुख्य सुरंग-2 (वावरली टनल) की शतप्रतिशत भूमिगत खुदाई का काम पूरा कर लिया है। इस प्रोजेक्ट के तहत 3,100 मीटर की कुल तीन सुरंग खुदाई का काम हो चुका है। एमआरवीसी के अनुसार मुंबई लोकल कॉरिडोर की सबसे लंबी सुरंग यानी 2625 मीटर की वावरली टनल का अंडरग्राउंड काम हो चुका है।

### हिंदुस्तान के बनेंगे दो राष्ट्र!

ऐसा इसलिए क्योंकि जब तक तनाव पैदा नहीं होता तब तक वह चुनाव नहीं जीत पाएंगे। यह इलेक्शन नहीं कर पाएंगे। महाराष्ट्र की हालत क्या हो गई है। देश की हालत क्या हो गई है। जुम्मा और होली एक दिन शुक्रवार को आ गई तो देश में कोई पहाड़ नहीं टूट पड़ा है। शिवसेना-यूबीटी सांसद संजय राउत ने कहा कि महाराष्ट्र में यह नव हिंदुत्ववादी है जो अब तक किसी और पार्टी में थे। जो लोग आरएसएस बीजेपी और स्वतंत्र वीर सावरकर को गाली दे रहे थे, बीजेपी में आ गए हैं और यहां आने के बाद जिस तरीके से उनकी भाषा चल रही है वह ठीक नहीं है। मुसलमान और हिंदुत्व के लिए अलग-अलग दुकान क्या है, ऐसे देश कभी चलता है? उन्होंने आगे कहा कि मोहन भागवत अखंड हिंदुस्तान की बात करते है और अखंड हिंदुस्तान में आप ही दो राष्ट्र बना रहे हो। एक हिंदुत्ववादी लोगों के लिए और एक मुसलमान के लिए यही हालत विभाजन से पहले हमारे देश में थी।

## खबर संक्षेप

### अमेरिकी डील को रद्द करेंगे कनाडा के पीएम



**ओटावा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से दोनों पड़ोसियों के बीच दूरियां बढ़ती जा रही हैं। कनाडा भी अमेरिका को सबक सिखाने की तैयारी में है। कनाडा एफ-35 फाइटर जेट की डील रद्द कर सकता है। कनाडा के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उस सौदे की समीक्षा कर रहा है, जिसमें अमेरिका से एफ-35 लड़ाकू विमान खरीदे जाने हैं। यह बात तब सामने आई है जब दो दिन पहले ही पुर्तगाल भी एफ-35 खरीदने की योजना की समीक्षा का ऐलान कर चुका है।

### जम्मू-कश्मीर में बस पलटी, 30 लोग घायल



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के रियासी में रविवार को एक मिनी बस के पलट जाने से 30 लोग घायल हो गए हैं। इनमें से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को जम्मू-कश्मीर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में अधिकतर महिलाएं थीं। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना तारा मोड़ के पास हुई जब बस राजौरी जिले के मुगला से रियासी के पौनी जा रही थी। इस दुर्घटना में 22 महिलाओं समेत 30 यात्री घायल हो गए।


## रायसीना डायलॉग : भारत पहुंचे न्यूजीलैंड के पीएम लक्सन ने किया ऐलान

# भारत और न्यूजीलैंड के बीच फिर शुरू होगी मुक्त व्यापार समझौते की बातचीत

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

एफटीए की घोषणा करते हुए वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि- न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की भारत यात्रा के अवसर पर और हमारे आर्थिक सहयोग को गहरा करने की भावना से, दोनों राष्ट्र एक व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते वार्ता के लिए वार्ता शुरू करने की घोषणा करते हुए खुश हैं। भारत और न्यूजीलैंड ने रविवार को मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत फिर से शुरू करने की घोषणा की। बता दें कि, यह वार्ता साल 2010 में शुरू हुई थी और साल 2015 में रुक गई थी, लेकिन अब इसे फिर से शुरू किया जाएगा। भारत और न्यूजीलैंड ने अप्रैल 2010 में समग्र आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) पर बातचीत शुरू की थी। जिसका उद्देश्य वस्तुओं, सेवाओं और निवेश के व्यापार को बढ़ावा देना था। लेकिन नौ दौर की वार्ताओं के बाद 2015 में ये चर्चा रुक गई थी। भारत के वाणिज्य मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा, दोनों देश भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर फिर से वार्ता शुरू करने की घोषणा करते हैं।' इस समझौते का उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना और बाजार पहुंच को आसान बनाना है।

प्रधानमंत्री मोदी आज रायसीना डायलॉग का शुभारंभ करेंगे | समारोह के मुख्य अतिथि होंगे न्यूजीलैंड के पीएम लक्सन



### न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री 20 मार्च तक रहेंगे भारत की यात्रा पर

*यह घोषणा तब हुई जब न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन भारत की चार दिवसीय यात्रा (16-20 मार्च) पर आए हुए हैं। केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। वह रायसीना डायलॉग 2025 में मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर लक्सन 16 से 20 मार्च तक देश में रहेंगे।*

### व्यापार मंत्रियों की बैठक के बाद हुआ फैसला

यह निर्णय भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले की बैठक के बाद लिया गया। इसे लेकर वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की तरफ से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, भारत और न्यूजीलैंड के बीच दीर्घकालिक साझेदारी है, जो साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, लोगों के बीच मजबूत संबंधों और आर्थिक पूरकताओं पर आधारित है। दोनों देशों ने व्यापार और निवेश को शामिल करते हुए अपने द्विपक्षीय संबंधों को बनाने की दिशा में लगातार काम किया है। आगे लिखा गया, न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की भारत यात्रा के अवसर पर और हमारे आर्थिक सहयोग को गहरा करने की भावना से, दोनों राष्ट्र एक व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते वार्ता के लिए वार्ता शुरू करने की घोषणा करते हुए प्रसन्न हैं। यह अहम फैसला 16 मार्च, 2025 को भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले के बीच एक बैठक की दौरान लिया गया, जिसने दोनों देशों के बीच आर्थिक और व्यापार संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण साझेदारी की नींव रखी।

### एफटीए से क्या होगा फायदा?

व्यापार में बढ़ोतरी होगी और दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंध मजबूत होंगे। निवेश के नए अवसर बनेंगे और बाजार में कंपनियों को अधिक पहुंच मिलेगी। आपूर्ति श्रृंखला बेहतर होगी, जिससे व्यापार करने में आसानी होगी।

### छह मुद्दों पर होगी चर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को रायसीना डायलॉग का शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन मुख्य अतिथि होंगे। नई दिल्ली में होने वाला यह आयोजन रायसीना डायलॉग का 10वां संस्करण होगा। इसका आयोजन 17-19 मार्च के बीच किया जा रहा है। चर्चा के छह मुद्दे होंगे। इनमें बाधित राजनीति, हरित विकल्पों का समाधान,



डिजिटल ग्रह, उग्रवादी व्यापारिकता, एक नई योजना के साथ विकास को फिर से लिखना-टाइगर स्टोरी तथा शांति में निवेश। इन तीन दिनों के दौरान 125 देशों के 3500 से ज्यादा प्रतिभागी संवाद में निजी तौर पर हिस्सा लेंगे। लाखों लोग डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़ेंगे।विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक बयान जारी कर कहा कि रायसीना डायलॉग भू राजनीति और भू अर्थशास्त्र पर भारत का प्रमुख सम्मेलन है, जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने आने वाले चुनौतीपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस बार रायसीना डायलॉग में 125 देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

## कॉन्सर्ट में आतिशबाजी से हुआ हादसा

# उत्तरी मैसेडोनिया के नाइट क्लब में लगी आग, 51 लोगों की मौत




मुंबई हलचल / नई दिल्ली

उत्तरी मैसेडोनिया के दक्षिणी शहर कोकानी में रविवार सुबह एक नाइट क्लब में आग लग गई। हादसे में 51 लोगों की मौत हो गई। जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि क्लब में एक म्यूजिक कॉन्सर्ट के दौरान आतिशबाजी चलने से हादसा हुआ। मैसेडोनिया के आंतरिक मंत्री पंचे तोशकोवस्की ने बताया रविवार सुबह नाइट क्लब पल्स में एक पॉप समूह के संगीत कार्यक्रम के दौरान आग लगी। क्लब में जाने वाले युवाओं ने आतिशबाजी चलाई।

इससे क्लब की छत में आग लग गई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में क्लब के अंदर अफरा-तफरी का माहौल दिख रहा है। मंत्री तोशकोवस्की ने कहा कि पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि संगीत कार्यक्रम में एक हजार से अधिक लोग उपस्थित थे। घायलों को कोकानी के स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया।

### क्लब से उठी आग की तेज लपटें

आग लगने के बाद क्लब में अफरातफरी का आलम रहा। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में क्लब से आग की लपटें उठती नजर आ रही हैं। बताया जा रहा है कि स्थानीय संगीत समूह की जोड़ी स्टेज पर अपनी परफॉर्मेंस दे रही थी। इस दौरान झूमते हुए कुछ युवाओं ने आतिशबाजी चलाई। इसके चलते छत में आग लगी। वीडियो में स्टेज से भी आग की चिंगारी निकलती नजर आईं। सुरक्षा बल और अग्निशमनकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने के उपाय किए। बताया जा रहा है कि आग इतनी विशाल थी की अग्निशमन कर्मियों ने कई घंटे तक मशक्कत की। मैसेडोनिया के अधिकारी आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं।

## वैश्विक थिंक टैंक का सुझाव

# भारत को ईयू से चिकित्सा उपकरणों पर करनी चाहिए विशेष छूट की मांग

◆ *इससे यूरोपीय संघ से आयात बढ़ सकता है*



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत को प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत यूरोपीय संघ (ईयू) से चिकित्सा उपकरणों के क्षेत्र में कुछ विशेष छूट की मांग करनी चाहिए। इससे भारत अपने निर्यात को बढ़ावा दे सकेगा। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने रविवार को यह सुझाव दिया।

भारत अधिकांश चिकित्सा उपकरणों पर 0 से 10 फीसदी तक टैरिफ लगाता है। अगर भारत बिना यूरोपीय संघ के नियामक चुनौतियों को हल किए चिकित्सा उपकरणों पर टैरिफ कम करता है, तो इससे यूरोपीय संघ से आयात बढ़ सकता है, लेकिन निर्यात कम हो सकता है।

जीटीआरआई ने कहा, एक समान और निष्पक्ष व्यापार सौदा करने के लिए भारत को बदले में कुछ छूट की मांग करनी चाहिए। भारत को चिकित्सा उपकरणों पर टैरिफ तभी कम करना चाहिए, जब यूरोपीय संघ अपने गैरजरूरी टैरिफ के अवरोधों को हटाए।

### राष्ट्रपति ट्रंप ने वित्तपोषण वाले विधेयक पर हस्ताक्षर किए

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सितंबर के अंत तक सरकार को वित्तपोषित करने वाले विधेयक पर हस्ताक्षर कर दिए हैं, जिससे फिलहाल सरकारी शटडाउन का खतरा टल गया है और कांग्रेस में चल रहा संघर्ष समाप्त हो गया है। इस मुद्दे पर डेमोक्रेट्स के बीच भी मतविभाजन दिख रहा था।। व्हाइट हाउस के



प्रधान उप प्रेस सचिव हैरिसन फील्ड्स ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ट्रम्प ने शनिवार को सतत प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए। पिछले वर्ष की तुलना में गैर-रक्षा व्यय में लगभग 13 बिलियन अमेरिकी डॉलर की कटौती की गई है।

## सरगना हाफिज का भतीजा था कताल

# कश्मीर में तीर्थयात्रियों पर हमला करने वाला अबू ढेर

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का मोस्ट वांटेड आतंकी अबू कताल पाकिस्तान में मारा गया है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत स्थित झेलम में शनिवार की रात अज्ञात बंदूकधारियों ने कतार को ढेर कर दिया। लश्कर-ए-तैयबा चीफ हाफिज सईद का भतीजा और संगठन का प्रमुख सदस्य कताल जम्मू-कश्मीर में कई हमलों का मास्टरमाइंड था। कताल ने जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में तीर्थयात्रियों की बस पर हुए हमले में अहम भूमिका निभाई थी। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को इसकी लंबे समय से तलाश थी। बता दें कि 1



जनवरी 2023 को राजौरी के ढांगरी गांव में नागरिकों को निशाना बनाकर आतंकी हमला किया गया। हमले के अगले दिन एक आईईडी विस्फोट हुआ। हमलों में दो बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। एनआईए ने राजौरी हमले के मामले में प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा संगठन की तीन पाकिस्तान स्थित हैंडलर समेत पांच आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था।

## चीन में युवाओं के इंटरनेट इस्तेमाल पर लगेगी रोक

# सरकार तय करेगी सोशल मीडिया पर कितना समय बिताएंगे युवक

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

चीन में युवाओं के बढ़ते इंटरनेट और सोशल मीडिया उपयोग को लेकर सरकार सख्त कदम उठाने की तैयारी में है। चीनी अधिकारियों का मानना है कि ज्यादा स्क्रीन टाइम से बच्चों की शारीरिक सेहत और पढ़ाई पर असर पड़ रहा है।

चीन की हाल ही में संपन्न हुई वार्षिक राजनीतिक बैठक में पूर्व बास्केटबॉल स्टार याओ मिंग ने एक प्रस्ताव रखा था, जिसमें हर सेमेस्टर में एक दिन के लिए सभी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बंद करने और बच्चों को बाहर खेलने के लिए प्रेरित करने की बात कही गई थी। इसके अलावा, ऑनलाइन गेमिंग पर कड़े प्रतिबंध लगाने और हानिकारक ऑनलाइन कंटेंट पर नियंत्रण बढ़ाने




का सुझाव दिया गया था। 2024 के चीनी नव वर्ष के दौरान, टेनसेंट गेम्स ने 32 दिनों में कुल 15 घंटे गेम खेलने की सीमा तय कर दी थी। हालांकि, कई बच्चे इन प्रतिबंधों को वयस्कों के अकाउंट्स का उपयोग करके आसानी से बायपास कर लेते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्व मीडिया पेशेवर आ कियांग का मानना है कि सरकार के ये प्रस्ताव व्यवहारिक रूप से प्रभावी नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि समस्या इंटरनेट की लत नहीं, बल्कि बच्चों पर पढ़ाई और माता-पिता की उम्मीदों का भारी दबाव है। कियांग के मुताबिक, जब तक ऑफलाइन जीवन में सुधार नहीं होगा, ऑनलाइन सीमाएं काम नहीं करेंगी।

दुनिया में कई रहस्यमयी और खतरनाक जगहे हैं। माना जाता है कि धरती पर अगर कोई सबसे खतरनाक जगह है तो वो बरमूडा ट्राएंगल और एरिया-51 है, लेकिन आज हम आपको एक ऐसी जगह के बारे में बताने वाले हैं, जिसे बरमूडा ट्राएंगल से भी ज्यादा खतरनाक माना जाता है। यह जगह अमेरिका के नवादा में स्थित है, जिसे नवादा ट्राएंगल के नाम से भी जाना जाता है।



# रहस्य नहीं जान पाया कोई, यहां पहुंचते ही अचानक गायब हो जाते हैं विमान

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

बरमूडा ट्राएंगल की तरह ही नवादा ट्राएंगल में भी रहस्यमयी घटनाएं घटती हैं। कहा जाता है कि यह जगह इतनी खतरनाक है कि यहां से गुजरने वाला कोई भी विमान आज तक लौटकर वापस नहीं गया। एक रिपोर्ट के मुताबिक, बीते 60 सालों में यहां 2 हजार से भी अधिक विमान क्रैश हो चुके हैं और सैकड़ों पायलट कभी जिंदा नहीं लौटे।



कहा जाता है कि नवादा ट्राएंगल में कोई ऐसी रहस्यमयी शक्ति है जो विमानों को अपनी ओर खींच लेती है, जिसकी वजह से वो क्रैश हो जाते हैं। अब वो कौन सी शक्ति है, यह अभी तक वैज्ञानिकों के लिए रहस्य ही बना है। एरिया-51 में भी कुछ ऐसा ही होता है। कहा जाता है कि यहां या तो कोई गुरुत्वाकर्षण शक्ति है जो विमानों को अपनी ओर आकर्षित कर लेती है या इस जगह पर एलियंस हो सकते हैं। हालांकि, कुछ लोगों का यह भी मानना है कि एरिया-51 में अमेरिका का टॉप सीक्रेट मिलिट्री बेस है, जहां एलियंस को रखा जाता है और उनपर रिसर्च किया जाता है।



### आज भी अनसुलझी ही है पहेली

25 हजार वर्ग मील में फैले नवादा ट्राएंगल में 18 साल पहले घटी एक घटना की पहेली आज भी अनसुलझी ही है। अमेरिका के अरबपति कारोबारी स्टीव फॉसेट का विमान 3 सितंबर, 2007 को अचानक लापता हो गया था और उसके बाद उनका कुछ पता नहीं चला। सबसे हैरानी की बात तो यह है कि स्टीव को विमान उड़ाने का लंबा अनुभव था। उनके नाम 100 से भी ज्यादा रिकॉर्ड थे। हालांकि, साल 2008 में वैज्ञानिकों और रेस्क्यू टीम को अन्य विमान हादसों वाली जगहों पर स्टीव का आईकार्ड, विमान के अवशेष और कुछ हड्डियां मिली थीं। बाद में जांच में पता चला कि वो हड्डियां स्टीव की ही थीं।

### बेहद रहस्यमयी है ये जगह

क्षेत्रफल के हिसाब से देखें तो नवादा ट्राएंगल काफी बड़ा इलाका है और इसी इलाके में लास वेगास, योसेमाइट नेशनल पार्क और एरिया-51 भी आता है। इस इलाके में जिस तरह भारी तादाद में विमान क्रैश हुए हैं, यही वजह है कि लोग एलियंस के अस्तित्व की बातें मानने लगे हैं। उनका कहना है कि अमेरिका ने एलियंस के साथ जिस तरह से छेड़छाड़ की है, ये उसी का नतीजा है। लोग अमेरिका पर एलियंस की जानकारी को छिपाने का आरोप लगाते हैं।

### क्या मानते हैं वैज्ञानिक

कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि नवादा ट्राएंगल में विमान हादसे एलियंस की वजह से नहीं, बल्कि एयर प्रेशर की वजह से होते होंगे। उनका मानना है कि यहां विमान पहाड़ों के ऊपर से उड़ते हैं, लेकिन फिर अचानक ही रेगिस्तान जैसी जमीन आ जाती है। इस कारण पायलट यहां के एयर प्रेशर को समझ नहीं पाते और विमान क्रैश हो जाते होंगे। हालांकि, यह सिर्फ उनका अंदाजा है। यह अभी तक साबित नहीं हो पाया है।

# मनमोहन को पीएम की कुर्सी से हटाना चाहती थीं सोनिया

**दिल्ली।** क्या तत्कालीन यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी यह जानती थी कि वर्ष 2014 का आम चुनाव मुश्किल होने वाला है। जिसे उस समय के प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के चेहरे पर नहीं जीता जा सकता था। बांग्ला भाषा में लिखी गई पत्रकार गौतम लाहरी की नई किताब 'प्रणब मुखर्जी राजनीति और कूटनीति' में यह दावा किया गया है कि सोनिया गांधी ने आने वाली स्थिति को भांपते हुए वर्ष 2012 में डॉक्टर मनमोहन सिंह को राष्ट्रपति बनाने का फैसला किया था। जबकि वह आगामी चुनाव को देखते हुए प्रणब मुखर्जी को भारत का प्रधानमंत्री बनाना चाहती थी। लेकिन यूपीए के सहयोगी दलों और विपक्ष विरोध की वजह से वह अपने इस मकसद में कामयाब नहीं हो पाईं। जिसकी वजह से प्रणब मुखर्जी प्रधानमंत्री के पद पर पहुंचने से पीछे रह गए। गौतम लाहरी की इस किताब के मुताबिक सोनिया गांधी ने अपने फैसले से प्रणब मुखर्जी को भी अवगत कराया था। जिस दिन उन्हें यह सूचना दी गई वह काफी खुश थे। उन्होंने अपने निवास पर बंगाली पत्रकारों के एक समूह को मिठाई भी खिलाई। इस किताब में कहा गया है कि तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल का कार्यकाल अप्रैल 2012 में खत्म होने वाला था। ऐसे में सोनिया गांधी यह चाहती थी कि वर्ष 2014 के चुनाव से पहले डॉक्टर मनमोहन सिंह की जगह प्रणब मुखर्जी को प्रधानमंत्री बना दिया जाए। जिससे उनके राजनीतिक कौशल का लाभ कांग्रेस को मिल पाए।

**विपक्ष ने कहा अब्दुल कलाम :** जबकि राष्ट्रपति के रूप में डॉक्टर मनमोहन सिंह को नामित किया जाए। उस समय विपक्षी दलों ने कहा कि अगर अल्पसंख्यक वर्ग से ही राष्ट्रपति लाना है तो एपीजे अब्दुल कलाम को एक बार फिर से राष्ट्रपति उम्मीदवार घोषित किया जाए। अगर ऐसा नहीं किया जाता है तो प्रणब मुखर्जी को उम्मीदवार बनाया जाए। इस किताब का दावा है कि सोनिया गांधी ने इसको लेकर प्रणब मुखर्जी से चर्चा की। इसके उपरांत प्रणब मुखर्जी ने कहा कि डॉक्टर मनमोहन सिंह का राष्ट्रपति चुनाव जीतना मुश्किल हो सकता है। इसकी वजह यह है कि विपक्षी दल उनके नाम पर सहमत नहीं हैं। अगर राष्ट्रपति चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार की हार हो जाती है। इस तरह की स्थिति में उसके लिए सत्ता में बने रहने का भी सैद्धांतिक संकट खड़ा हो सकता है। ऐसे में वह सोनिया गांधी को डॉक्टर मनमोहन सिंह को राष्ट्रपति बनाने की सलाह नहीं दे सकते हैं। इस किताब में दावा किया गया है कि प्रणब मुखर्जी हालांकि प्रधानमंत्री बनने के इच्छुक थे। लेकिन उन्होंने स्वयं से सोनिया गांधी को यह प्रस्ताव दिया कि अगर उनको आपत्ति ना हो तो वह राष्ट्रपति पद के लिए अपना नाम देने के लिए तैयार हैं।

# सेप्ट यूनिवर्सिटी ने समर 2025 के लिये वैकल्पिक पाठ्यक्रमों की घोषणा की

**मुंबई।** सेप्ट यूनिवर्सिटी ने हाल ही में अपने समर 2025 कोर्सेस के लिए वैकल्पिक पाठ्यक्रमों की घोषणा की है। यह पाठ्यक्रम उन सभी विद्यार्थियों के लिए खुला है जिन्होंने 12वीं या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की है, साथ ही पेशेवरों के लिए भी। उनका नामांकन इस आधार पर किया जाएगा कि उनकी शिक्षा उनके द्वारा चुने गए पाठ्यक्रम के साथ कितनी सुसंगत है। इच्छुक छात्रों का ऑनलाइन पंजीकरण 19 मार्च, 2025 को दोपहर 12:00 बजे शुरू होगा और 21 मार्च, 2025 को शाम 6:00 बजे तक स्वीकार किया जाएगा। समर पाठ्यक्रम प्रारंभ तिथियों के लिए पंजीकरण ऑनलाइन और भारत के भीतर / विदेश में यात्रा मोड से अध्ययन करने वाले छात्रों के लिए 19 मई, 2025 तक और सेप्ट में परिसर में अध्ययन करने वाले छात्रों के लिए 26 मई, 2025 तक किया जा सकता है। रजिस्ट्रेशन और कोर्सेस के बारे में जानकारी https://sws.cept.ac.in/ पर उपलब्ध है। इन कोर्सेस के प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए, एकेडमिक्स के डिप्टी प्रोवोस्ट प्रोफेसर चिरायु भट्ट ने कहा, सेप्ट का एसडब्ल्यूसी प्रोग्राम विद्यार्थियों को सशक्त बनाने के लिए तैयार किया



गया है। सहपाठियों के साथ सीखने से उन्हें विविध दृष्टिकोणों की समझ मिलती है, और क्रेडिट अर्जित कर वे अपनी शैक्षणिक लचीलापन बढ़ा सकते हैं। हमारे कोर्सेस की अंतर्विषयक प्रकृति विद्यार्थियों को नए क्षेत्रों को खोजने और अपने बौद्धिक क्षितिज का विस्तार करने का अवसर देती है, साथ ही उन्हें शिक्षण की नवीनतम विधियों का अनुभव भी मिलता है। सेप्ट यूनिवर्सिटी भारत में समर एण्ड विंटर स्कूल्स की नई अवधारणा को जल्दी अपनाने वालों में शामिल है। यह अवधारणा यूरोप की शिक्षा प्रणालियों में पाई जाती है। समर और विंटर, यह छमाही शब्द दो से चार सप्ताह के गहन कोर्सेस की पेशकश करते हैं, जिनमें विद्यार्थियों को पढ़ाई के महत्वपूर्ण अंतर्विषयक अवसर मिलते हैं। सेप्ट का मुख्य उद्देश्य है सहपाठियों के बीच पढ़ाई, युक्तियों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना और विद्यार्थियों को उनकी रुचि के कोर्सेस करने का प्लेटफॉर्म देना। यह उनकी शैक्षणिक अपेक्षाओं से अलग होता है। परिणाम में, सेप्ट यूनिवर्सिटी सभी यूनिवर्सिटीज और शैक्षणिक धाराओं के विद्यार्थियों को इन प्रोग्राम्स में एनरोल होने के लिये प्रोत्साहित करती है। यह कोर्सेस असरदार रहें, ऐसा सुनिश्चित करने के लिये उन्हें पेशेवरों, शिक्षाविदों, कलाकारों और भारत तथा विदेशों के विशेषज्ञों द्वारा पढ़ाया जाता है। इस साल, समर 2025 टर्म के दौरान, सेप्ट यूनिवर्सिटी विभिन्न क्षेत्रों को कवर करने वाले कई कोर्सेस की पेशकश कर रही है। इसमें पेरिस जैसे शहरों में शहरी विकास का अध्ययन करने से लेकर भूतान में शहरी स्थायित्व (अर्बन रेज़िलिएंस) को समझने तक के विषय शामिल हैं। अन्य अनूठे कोर्सेस में 'डिकोडिंग मेकैनिक्स', 'लाइटिंग डिजाइन के माध्यम से रात के अंधकार को संरक्षित करना', 'इमैजिन्ड लैंडस्केप्सः ए सिनेमेटिक मैपिंग ऑफ पेरिस' आदि शामिल हैं। विद्यार्थी लगभग 50 विविध कोर्सेस में से चयन कर सकते हैं, जिनमें ऑन-कैंपस, ऑनलाइन और यात्रा-आधारित विकल्प शामिल हैं, जो भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध होंगे।

■ रियल एस्टेट चक्र में अल्पकालिक उतार-चढ़ाव ऐसी चीज नहीं है जिसके बारे में हमें चिंता करने की जरूरत है

### भारतीय आवास बाजार में मांग में कमी के कोई संकेत नहीं

# घरों की मांग मजबूत, मुद्रास्फीति की दर से अधिक बढ़ेंगी कीमतें : क्रेडाई

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

क्रेडाई के अध्यक्ष बोमन ईरानी ने कहा है कि घरों की मांग मजबूत बनी हुई है और बजट में कर प्रोत्साहन तथा हाल ही में रेपो दर में कटौती से इसमें और वृद्धि की उम्मीद है। क्रेडाई निजी रियल एस्टेट डेवलपर्स का एक शीर्ष निकाय है। ईरानी ने एक बातचीत में कहा कि भारतीय आवास बाजार में मांग में कमी के कोई संकेत नहीं हैं, बल्कि यह दीर्घावधि में बढ़ती रहेगी।

हालांकि, उन्होंने कहा कि कुछ बाजारों में इसका असर हो सकता है, लेकिन कुल मिलाकर अखिल भारतीय स्तर पर वृद्धि को लेकर कोई चिंता नहीं है। उन्होंने नासिक में हुई बातचीत में कहा कि रियल एस्टेट चक्र में अल्पकालिक उतार-चढ़ाव ऐसी चीज नहीं है जिसके बारे में हमें चिंता करने की जरूरत है। हमें दीर्घकालिक वृद्धि को देखने की जरूरत है। क्रेडाई ने नासिक में हाल में दो दिन के सम्मेलन का आयोजन किया था।



## घरों की मांग में सुधार होगा

यह पूछे जाने पर कि क्या पिछले तीन कैलेंडर वर्ष का उत्साह अब कम हो गया है, ईरानी ने कहा, 'मुझे ऐसा नहीं लगता।' उन्होंने इसके लिए फरवरी माह के मुंबई बाजार के संपत्ति पंजीकरण आंकड़ों का हवाला दिया। मुंबई क्षेत्र में संपत्तियों का पंजीकरण फरवरी में 12,000 इकाई पर स्थिर रहा है। ईरानी ने कहा कि बजट में पेश किए गए कर प्रोत्साहन और हाल ही में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती से घरों की मांग में सुधार होगा। उन्होंने कहा, 'हाल के दिनों में मैंने जो सबसे साहसिक कदम देखा है, वह वर्तमान बजट है, जिसमें सरकार ने घोषणा की है कि वह 12 लाख रुपये तक की आय पर कर नहीं लगाएगी। उन्होंने कहा कि इससे लोगों की क्रय शक्ति में सुधार होगा।



## 1,000 सरकारी स्कूलों को अपग्रेड करने का फैसला

क्रेडाई के निर्वाचित अध्यक्ष शेखर पटेल ने कहा कि हम हरित रियल एस्टेट और कौशल विकास को बढ़ावा देने पर बहुत जोर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्रेडाई कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के मोर्चे पर भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। पटेल ने बताया कि क्रेडाई ने एसोसिएशन के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर देशभर में 1,000 सरकारी स्कूलों को 'अपग्रेड' (उन्नत) करने का फैसला किया है। क्रेडाई एक गैर सरकारी संगठन के साथ साझेदारी में इन 1,000 सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम स्थापित करेगा और छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण पानी और आधुनिक शौचालयों की आपूर्ति का भी प्रावधान करेगा।

## सरकार दे रही बुनियादी ढांचे पर ध्यान

क्रेडाई के अध्यक्ष ने कहा कि सरकार बुनियादी ढांचे पर बहुत ध्यान दे रही है और इससे आवास, कार्यालय, मॉल और भंडार गृह सहित रियल एस्टेट के सभी क्षेत्रों के लिए नए व्यावसायिक अवसर पैदा हो रहे हैं। इस साल आवास मूल्य परिदृश्य पर ईरानी ने कहा, 'मैं कहता रहा हूं कि मूल्यवृद्धि डेवलपर के हित में बिल्कुल नहीं है। हम केवल मुद्रास्फीति से संबंधित लागत वृद्धि से बहुत खुश हैं।निश्चित रूप से कीमतों में मुद्रास्फीति से अधिक वृद्धि होगी, क्योंकि मुझे लगता है कि आपूर्ति कम हो गई है। परियोजनाओं के तेजी से निष्पादन से रियल एस्टेट डेवलपर्स के पास बेहतर लाभ मार्जिन होगा।

# चुटकियों में खूबसूरत बनाते हैं ये घरेलू नुस्खे



सुंदर दिखना हर किसी की चाहत होती है। इसके लिए जरूरी नहीं है कि आप मंहगे उत्पाद का प्रयोग करें या ब्यूटी पार्लर का रुख करें। चेहरे की खूबसूरती को निखारने के लिए जरूरी है कि आप इसका खास खयाल रखें। जानिए कुछ आसान उपाय जिनसे आपकी खूबसूरती बरकरार रहेगी।

**झुर्रियों करें दूर** - एक चम्मच शहद में कुछ बूंदे नींबू के रस की मिलाकर चेहरे पर लगाने से चेहरे पर झुर्रियाँ नहीं पड़ती है।

चमक रखे बरकरार

एक चम्मच गुलाबजल और एक चम्मच दूध के मिश्रण में दो तीन बूंद नींबू का रस मिलाकर इसे चेहरे पर लगाने से त्वचा की कोमलता व चमक बनी रहती है।

**स्क्रबिंग के लिए** - टमाटर का टुकड़ा लेकर चेहरे पर हल्के हाथों से मसाज करें, चेहरे की सारी गंदगी साफ हो जाएगी। त्वचा को निखारने के लिए स्क्रबिंग बहुत जरूरी है। स्क्रब त्वचा की मृत कोशिकाओं, धूल इत्यादि को हटाकर रोमछिद्रों को बंद होने से रोकता है।

**तैलीय त्वचा से पाएं छुटकारा** - एक चम्मच नींबू का रस में एक चम्मच गुलाब जल और पिसा हुआ पुदीना मिलाकर 1 घंटे रखें। फिर चेहरे पर लगाकर 20 मिनट बाद धो लें। इससे चेहरे का चिपचिपापन दूर हो जाएगा।

**कैसे पाएं निखार** - त्वचा में निखार लाने के लिए थोड़े-से चोकर में एक चम्मच संतरे का रस, एक चम्मच शहद व गुलाब जल मिलाकर पेस्ट बनाएं। इस पेस्ट को चेहरे और गर्दन पर लगाएं। सूखने पर धो डालें।

**शहद से पाएं त्वचा में कसावट** - चेहरे व गर्दन पर शहद लगाएं थोड़ा सा सूखने के बाद अंगुलियों से चेहरे पर मसाज करें। शहद के सूखने के बाद गुनगुने पानी से इसे साफ करें। इससे त्वचा में कसाव आएगा।

**डार्क सर्कल से बचें** - आंखों के नीचे झुर्रियां व डार्क सर्कल से बचने के लिए बादाम के तेल में शहद मिलाकर लगाएं और इस हल्के हाथों से मलें और धो लें।

**क्लीजिंग के लिए** - चेहरे से मेकअप को हटाने व धूल मिट्टी से बचाने के लिए क्लीजिंग जरूरी है। इसके लिए चावल के आटे में दही मिलाकर पेस्ट बनाएं और इसे चेहरे एवं गर्दन पर अच्छी तरह मलें। इसके बाद चेहरा धो लें।

**रुखी त्वचा से बचें** - नारियल के तेल में शहद और संतरे का रस मिला लें और इसे रुखी, फटी हुई त्वचा पर लगाएं। इस मिश्रण के सूखने के बाद गुनगुने पानी से धो लें और हल्के हाथ से पोंछकर नारियल का तेल या कोई और मॉइश्चराइर लगा लें।

**यूं हटाएं चेहरे के दाग-धब्बे** - चेहरे पर काले दागों को हटाने के लिए टमाटर के रस में रुई भिगोकर दागों पर लगाएं इससे काले धब्बे साफ हो जाएंगे।

**मुंहासों से पाएं छुटकारा** - आलू उबाल कर छिलके छील लें और इसके छिलकों को चेहरे पर रगड़ें, मुंहासे ठीक हो जाएंगे।

# अब किसी भी उम्र में पाएं स्वस्थ त्वचा



प्रदूषण, धूल-मिट्टी, तनाव, धूप और दौड़भाग न जाने कितनी चीजों का सामना हमारी त्वचा को प्रतिदिन करना पड़ता है। ऐसे में समय रहते उचित देखभाल न करने से तरह-तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हर उम्र में खूबसूरत व आकर्षक दिखने के लिए त्वचा की देखभाल के साथ-साथ स्वस्थ खान-पान भी जरूरी है। जवां दिखने के लिए जरूरी है कि आप अपनी त्वचा की जरूरतों को समझें और उन्हें पूरा करने की कोशिश करें। कुछ खास व आसान उपायों के जरिए आप हमेशा खूबसूरत व जवां दिख सकती हैं। जानें उन उपायों के बारें में-

धूप से स्किन को कई तरह से नुकसान पहुंचता है। इस मौसम की तेज धूप भी आपका रंग चुरा सकती है। स्किन टैन होना, झुर्रियां, स्पॉट् व अन्य त्वचा संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए बाहर निकलने से पहले सनस्क्रीन लगाना ना भूलें। सुबह दस से चार के बीच की धूप में निकलने से बचना चाहिए क्योंकि इस समय सूर्य की रोशनी काफी तेज होती है।

हफ्ते में एक बार चेहरे की क्लीजिंग, टोनिंग, स्क्रबिंग व मसाज जरूरी है। इसे चेहरे पर जमा डेड स्किन हट जाते हैं और रोम छिद्र खुल जाते हैं जिससे चेहरे में चमक आ जाती है। आप चाहें तो पार्लर या घर पर इस आसानी से कर सकती हैं।

त्वचा को प्राकृतिक रूप से खूबसूरत बनाना हो तो प्रतिदिन 8-10 लीटर पानी पीएं । इससे त्वचा में कुदरती नमी बनी रहेगी और त्वचा चिपचिपी नजर नहीं आएगी। साथ ही यह शरीर को स्वस्थ और त्वचा को हाईड्रेटेड रखने में मदद करता है।

नाइट क्रीम लगाने से त्वचा सवस्थ व चमकदार बनी रहती है। और यह आपकी त्वचा की प्राकृतिक मरम्मत में भी सहायक होता है। नियमित रूप से मॉस्चराइजर का उपयोग झुर्रियों को आने से रोकता है और आपकी त्वचा को कोमल और उज्जवल बनाए रखने में सहायता करता है।

पर्याप्त मात्रा में नींद न लेने से भी त्वचा तनावपूर्ण और थकी हुई दिखती है। नियमित तौर पर पर्याप्त नींद आपकी त्वचा को स्वस्थ और जवान रखने में सहायक है। जब आप सोते हैं तो आपका शरीर पुनर्जीवन की प्रक्रिया से होकर गुजरता है और अधिक स्वस्थ त्वचा कोशिकाएं उत्पन्न करता है जो झुर्रियों और बुढ़ापे को रोकता है।

जिस तरह हमारे शरीर को ऑक्सीजन की जरूरत है ठीक उसी तरह हमारी त्वचा के लिए विटामिन की आवश्यकता होती है। कुछ खास तरह के विटामिन आपकी त्वचा की चमक को बरकरार रखने में मदद करता है जैसे विटामिन सी, विटामिन ए, विटामिन बी, विटामिन ई आदि।

# मिलावटी दूध पीने से लिवर, किडनी और पेट को होता है खतरा




चिकित्सकों का कहना है कि करीब दो साल तक लगातार मिलावटी दूध पीते रहने पर लोग इंटेस्टाइन, लिवर या किडनी डैमेज जैसी खतरनाक बीमारियों के शिकार हो सकते हैं। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के हालिया अध्ययन में इस बात का खुलासा हुआ है कि भारत में बिकने वाला करीब 10 प्रतिशत दूध हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इस 10 प्रतिशत में 40 प्रतिशत मात्रा पैकेज्ड मिल्क की है जो हमारे हर दिन के भोजन में इस्तेमाल में आता है। यह 10 प्रतिशत कॉन्टैमिनेटेड मिल्क यानी दूषित दूध वह है, जिसकी मात्रा में वृद्धि दिखाने के लिए इसमें यूरिया, वेजिटेबल ऑयल, ग्लूकोज या अमोनियम सल्फेट आदि मिला दिया जाता है जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही नुकसानदायक हैं।

श्री बालाजी ऐक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट के गैस्ट्रोइंटेरोलॉजिस्ट डॉक्टर जी.एस. लांबा के अनुसार, मिलावटी या कॉन्टैमिनेटेड दूध से होने वाला नुकसान इस बात पर निर्भर करता है कि कॉन्टैमिनेशन कैसा है। अगर दूध में बैक्टीरियल कॉन्टैमिनेशन है तो आपको फूड प्वाइजनिंग, पेट दर्द, डायरिया, इंटेस्टाइन इंफेक्शन, टाइफाइड, उल्टी, लूज मोशन जैसे इंफेक्शन होने का डर होता है। उन्होंने कहा, ₹कई बार मिनरल्स की मिलावट होने पर हाथों में झनझनाहट या जोड़ों में दर्द भी शुरू हो जाता है। वहीं अगर दूध में कीटनाशक या केमिकल्स की मिलावट है या पैकेजिंग में गड़बड़ है तो इसका आपके पूरे शरीर पर लंबे समय के लिए बहुत खराब असर पड़ता है। इस तरह के मिलावटी दूध को काफी समय से यानी करीब दो साल से लगातार पीते रहने पर आप इंटेस्टाइन, लिवर या किडनी डैमेज जैसी खतरनाक बीमारियों के शिकार हो सकते हैं।

पुष्पावती सिंघानिया हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट की कंसल्टेंट पीडियाट्रिक्स डॉक्टर अंजलि जैन बताती हैं कि इस तरह के कॉन्टैमिनेटेड दूध में कुछ ऐसी केमिकल की मिलावट भी होती है जिनसे कार्सियोजेनिक समस्याएं भी हो सकती हैं। अगर आप करीब 10 साल तक इस मिल्क प्रोडक्ट को ले रहे हैं तो कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां होने की संभावना हो सकती है। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने दूध में किसी भी तरह की मिलावट के लिए उम्र कैद की सजा तय की है, फिर भी इस तरह की स्टडी रिजल्ट्स का आना उन सबके लिए चिंता का विषय है जो अपनी रोजाना की लाइफ में पैकेज्ड दूध का प्रयोग करते हैं। पैकेज्ड दूध की क्वालिटी पर हमारा कोई नियंत्रण तो नहीं होता पर कुछ छोटी-छोटी बातों को अपनाकर हम उसके दुष्प्रभाव को कम कर सकते हैं।

धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशिलिटी अस्पताल के जनरल फिजिशियन डॉक्टर गौरव के अनुसार, पॉस्चराइज्ड दूध होता ही इसलिए है, ताकि आपकी सेहत को उससे कोई नुकसान न पहुंचे। लेकिन अगर वो भी कॉन्टैमिनेटेड हो तो आप इसमें बहुत ज्यादा कुछ नहीं कर सकते। हां, टेट्रा पैक को प्रमुखता देकर आप कुछ हद तक इससे बच सकते हैं। चूंकि टेट्रा पैक के अंदर प्लास्टिक एक्सपोजर्स कम होते हैं तो वह प्लास्टिक पैक से कम दूषित होता है। डॉक्टर जी. एस. लांबा का भी मानना है कि दूध को सही तरह से उबालकर आप इसके भीतर के सिंपल इंफेक्शन वाले बैक्टीरिया को हटा सकते हैं। इसके अलावा इसे हमेशा रेफ्रीजेरेट करके रखें और भूलकर भी खुला न छोड़ें।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# रणवीर फैमिली ग्रुप में करते हैं दीपिका की शिकायत?



**दीपिका पादुकोण** और रणवीर सिंह बॉलीवुड के पावर कपल हैं। कुछ महीने पहले दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह अपनी नन्ही सी बेटी दुआ के साथ पेरेंटिंग हुड को एंजॉय कर रही है। दीपिका पादुकोण ने एक बार एक इंटरव्यू में खुलासा किया था कि इसी वजह से उनके पति और एक्टर रणवीर सिंह फैमिली ग्रुप में उनकी शिकायत भी करते हैं। दीपिका ने बताया था कि वह शांत नहीं बैठ सकती हैं और लगातार कुछ न कुछ करते रहना चाहती हैं। वह सिर्फ घर की सफाई करना पसंद करती है। एक्ट्रेस कहती हैं, कभी छुट्टी नहीं ले सकती या सिर्फ आराम नहीं कर सकती। एक्ट्रेस ने कहा था कि रणवीर उनकी और उनकी इस आदत की शिकायत परिवार वालों से करते हैं। एक्ट्रेस ने आगे बताया था कि एक बार जब वह बोर हो रही थीं तो घर की सफाई करते समय उनकी पीठ में मोच आ गई थी। फिर भी, उन्होंने आराम नहीं किया और एक जगह नहीं बैठी। रणवीर ने उनसे कहा कि क्या आप यह फट फट हर समय नहीं कर सकतीं? बस एक जगह बैठो, तुम्हारी पीठ में चोट लग गई है। उन्होंने इंटरव्यू में आगे बताया था कि रॉकी और रानी की प्रेम कहानी स्टार उन्हें एक ही जगह पर बैठने और हर समय कुछ न कुछ ना करने के लिए कहते रहते हैं। दीपिका ने बताया था कि जब भी वह छुट्टी लेने और आराम करने के बारे में रणवीर की बात नहीं सुनती, तो वह उनके फैमिली ग्रुप में इसकी शिकायत कर देते हैं।



# वडोदरा एक्सीडेंट केस में उबला जाह्नवी कपूर का खून

**वडोदरा एक्सीडेंट** केस को लेकर जाह्नवी कपूर बेहद गुस्से में नजर आ रही हैं। जाह्नवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट साझा की है और सवाल पूछा है कि इस तरह की हरकत करने वाले बच कैसे जाते हैं। यह भयावह है और क्रोध जनक है, वडोदरा से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां 20 साल के एक लॉ स्टूडेंट रक्षित चौरसिया ने नशे की हालत में अपनी कार से मोटरसाइकिलों को टक्कर मारी इस एक्सीडेंट में एक महिला की मौत हो गई और कई घायल हुए हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपी हादसे के वक्त भांग के नशे में धुत था, यह घटना होली वाली रात की है। 13 मार्च को हुई इस घटना पर जाह्नवी कपूर ने अपना तीखा रिएक्शन दिया है। उन्होंने इंस्टा स्टोरी में लिखा, यह भयावह और क्रोधजनक है, मुझे इससे तकलीफ होती है कि इस तरह की हरकत करके कोई बच कैसे सकता है। चाहे वह नशे में हो या नहीं। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि जाह्नवी कपूर का गुस्सा बड़ौदा एक्सीडेंट मामले में देखने को मिला है। वह हर मुद्दे पर खुलकर अपनी राय इंस्टाग्राम पर रखती हैं।

# सलमान ने इस फिल्म के लिए मुंडवा लिए थे बाल



सलमान खान हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में शुमार हैं। उनकी फिल्में सैकड़ों करोड़ का कारोबार करती हैं। दबंग, टाइगर सीरीज के बाद से तो सलमान खान का सिक्का बॉलीवुड में जमकर चला लेकिन एक दौर ऐसा भी था, जब सलमान अपने गिरते करियर ग्राफ से जूझ रहे थे। सलमान खान की फिल्म तेरे नाम बंपर हिट साबित हुई थी। सलमान खान के करियर में फिल्म तेरे नाम मील का पत्थर साबित हुई। इससे एक्टर के करियर को नए पंख मिले। तेरे नाम में सलमान खान ने राधे मोहन का किरदार निभाया था। छोटे शहर का एक गुस्सैल लड़का जो अपने प्यार की खातिर पागलपन की हदें पार कर देता है। सलमान खान ने कहा कि मुझे हर किसी ने इस फिल्म में काम करने से मना किया था लेकिन मैं रुक नहीं पाया था। उन्होंने कहा, एक दिन मुझे तेज बुखार था और मेरी दूसरी फिल्म के मेकर्स मुझे शूटिंग के लिए बुलाने पर अड़े थे। सलमान खान ने कहा कि ऐसे में मैं गुस्से में आया और वॉशरुम में जाकर अपने सिर के बाल शेव कर डाले। इसके बाद मैंने सुनील को फोन किया और कि मैं आपकी फिल्म करना चाहता हूं और अपने बाल भी शेव कर चुका हूं। सलमान खान इस समय अपनी आने वाली फिल्म सिकंदर को लेकर चर्चा में है। सिकंदर की शूटिंग पूरी हो चुकी है।